आज का मौसम

भोपाल	↑ 34.3°	↓ 16.7°
इंदौर	↑ 33.2°	↓ 18.0°
ग्वालियर	↑ 34.5°	↓ 17.7°
जबलपुर	↑ 32.0°	↓ 15.6°

सूर्योदय- 6.29 सूर्यास्त-5.39

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

जिम्बाब्वे को हरा भारत.... 7

वर्ष- 76 (भोपाल: वर्ष 37 अंक 338, पृष्ठ 8) सोमवार 7 नवंबर 2022 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 www:naiduniaonline.com

वलसाड की रैली में लोगों से बोले मोदी

इस बार रिकॉर्ड तोड़कर दिखाइए

वलसाड (एजेंसी)।

गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 का शंखनाद हो चुका है। विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने गृह राज्य में पहली चुनावी रैली की। पीएम मोदी ने एक रैली कपराडा और दूसरी वलसाड में की। वलसाड में प्रधानमंत्री ने कहा कि नफरत फैलाने वाली और गुजरात को बदनाम करने वाली ताकतों को अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों में राज्य से बाहर फेंक दिया जाएगा।

पीएम मोदी ने गुजराती में नया नारा दिया %आ गुजरात में बनाव्यु छे (यह गुजरात मैंने बनाया है)। इतना ही नहीं मोदी ने अपने भाषण में लोगों से कई बार यह नारा लगवाया। साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के लिए हमें भूपेंद्र को बड़े अंतर से जीतना है। इसलि?ए मेरा रिकॉर्ड तोड़ने में मेरी मदद करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के वलसाड जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार मैं अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। भूपेंद्र के रिकॉर्ड नरेंद्र से ज्यादा मजबूत होने चाहिए, मैं उसके लिए काम करना चाहता हूं। उन्होंदने कहा कि न तो भूपेंद्र और न ही नरेंद्र यह चुनाव लड़ रहे हैं। गुजरात के प्यारे भाइयों और बहनों यह चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि? एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर रहकर पूरे गुजरात और समाज को विकसित करने का अवसर आया है। मोदी ने कहा कि दिल्ली में बैठे-बैठे, मुझे रिपोर्ट मिल रही है कि बीजेपी इस बार गुजरात में रिकॉर्ड वोटों से जीतेगी। मैं यहां अपना ही पुराना रिकॉर्ड (बीजेपी की जीत का अंतर) तोड़ने आया हूं। मैंने गुजरात बीजेपी को कहा है कि मैं जितना संभव है, आपको उतना समय देने (चुनाव प्रचार के लिए) को तैयार हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो विभाजनकारी ताकतें घृणा फैलाने में लगी रही हैं, जिन्होंने गुजरात को बदनाम करने और उसका अपमान करने की कोशिशें की हैं, उन्हें गुजरात से

बाहर का रास्ता दिखाया गया है। इस चुनाव में भी उनका यही भविष्य होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 और 30 सितंबर को गुजरात जाएंगे। वहां वह 29,600 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बताया कि इस दौरान वह गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 36वें राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत भी करेंगे। गुजरात में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस लिहाज से भी प्रधानमंत्री का दौरा अहम माना जा रहा है। विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नीत गुजरात में दो चरणों में एक और पांच नवंबर को मतदान होना है। वोटों की गिनती आठ दिसंबर को होगी। दरअसल 182 सदस्यीय विधानसभा के लिए 2017 में हुए चुनाव में बीजेपी के हिस्से में 99 और कांग्रेस के हिस्से में 77 सीटें आयी थीं। राज्य में इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के अलावा अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी भी मैदान में है। गुजरात में विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए इलेक्शन कमीशन ने कई खास तैयारियां कर रखी हैं।इनमें सबसे अहम तैयारी बैंक लेन-देन पर नजर रखना है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के खातों में एक लाख रुपये से अधिक का लेन-देन होने पर सूचित करें।

गुजरात को बदनाम करने वाली टोली एक्टिव हुई है, जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी

विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुजरात पहुंचे। उन्होंने यहां किसी पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि गुजरात को बदनाम करने वाली टोली एक्टिव हुई है। लेकिन, यहां की जनता इन लोगों को स्वीकार नहीं करेगी. गुजरात की जनता को सिर्फ विकास चाहिए।उन्होंने जनता से बीजेपी को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का पानी दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र में पहुंचाया है।आज घर-घर पाइप लाइन से पानी मिलता है. यहां के बंदरगाहों का विकास किया. कनेक्टिविटी बढ़ी है। आज गुजरात के समुद्री इलाकों से पूरी दुनिया में सामान पहुंच रहा है।यहां का हर मछुआरा बोल रहा है कि गुजरात मैंने बनाया है. पीएम मोदी ने कहा कि डबल इंजिन की सरकार ने गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता की है. उनके आरोग्य के लिए अच्छी योजनाएं लाए हैं. गुजरात के लोग कंधे से कंधा मिलाकर विकास के काम करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दो दशक पहले गुजरात में निराशा का माहौल था। गुजरातियों ने मेहनत करके गुजरात बनाया है. हर गुजराती बोल रहा है ये गुजरात मैंने बनाया है. बीजेपी ने मेरे आदिवासी भाइयों की चिंता की है. उन्होंने कहा कि धरमपुर मे जनसेवा का बड़ा यज्ञ चल रहा है. उमरगांव में अंबाजी तक विज्ञान का कॉलेज नहीं था। आज आदिवासी इलाकों में 5 मेडिकल कॉलेज हैं. एक वक्त ता जब डॉक्टर की कमी थी, आज अस्पताल बन गए हैं. आदिवासी पूरी ताकत से बोलता है कि ये गुजरात मैंने बनाया है. आज गुजरात में 24 घंटे बिजली मिल रही है।

गडकरी आज जबलपुर और मंडला को देंगे विभिन्न सड़क परियोजनाओं की सौगात

भोपाल(काप्र)।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 7 नवम्बर को जबलपुर और मंडला में 5315 करोड़ रूपये लागत की 543 किलोमीटर लम्बी 13 सड़क परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण होगा। केन्द्रीय मंत्री गड़करी और मुख्यमंत्री पुलिस ग्राउण्ड मंडला में पूर्वान्ह में 1261 करोड़ रूपये लागत की 329 किलोमीटर लम्बाई की 5 सड़क परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसमें कुंडम से शहपुरा, शहपुरा से डिण्डोरी, डिण्डोरी-सागर टोला-कबीर चबूतरा और डिण्डोरी से मंडला तक 2-लेन सड़क निर्माण और सीआरआईएफ अंतर्गत समनापुर-बजाग सड़क निर्माण का शिलान्यास शामिल है। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी और श्री चौहान जबलपुर में वेटनरी कॉलेज ग्राउण्ड में दोपहर एक बजे 4054 करोड़ रूपये लागत की 214 किलोमीटर लम्बी 8 सड़क परियोजना का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।

इनमें हिरण नदी-सिंदूर नदी खण्ड के 4-लेन मार्ग चौड़ीकरण का लोकार्पण होगा। जबलपुर रिंग रोड-बरेला से मानेगाँव, मानेगाँव-एनएच-45, एनएच-45 से कुशनेर और कुशनेर-अमझर रोड का 4-लेन चौड़ीकरण और जबलपुर से कुंडम तक 2-लेन (पेव्ड शोल्डर के साथ) और सीआरआईएफ अंतर्गत कुंडम-निवास सड़क निर्माण कार्य और दमोह नाका-रानीताल चौक-मदन महल फ्लॉय ओवर में दमोह नाका रेम्प के विस्तार कार्य का शिलान्यास किया जायेगा।

गुजरात और हिमाचल में अच्छा प्रदर्शन करे कांग्रेसः आजाद

नई दिल्ली (एजेंसी)।

कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने रविवार को एक बार फिर से कांग्रेस का जिक्र किया। इसके साथ ही, उन्होंने आगामी हिमाचल प्रदेश और गुजरात में पार्टी के अच्छा प्रदर्शन करने की कामना भी की।

मालूम हो कि कुछ महीने पहले गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और फिर नई पार्टी का गठन भी किया। गुलाम नबी आजाद ने कहा, हालांकि, मैं कांग्रेस से अलग हो गया हूं, लेकिन मैं उनकी धर्मनिरपेक्षता की नीति के खिलाफ नहीं था। इसका कारण पार्टी का सिस्टम कमजोर होना था। मैं अब भी चाहता हूं कि कांग्रेस गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करे।,क्क ऐसा करने में सक्षम नहीं।%% उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी सिर्फ दिल्ली की पार्टी है। वह पंजाब को भी कुशलता से नहीं चला पा रहे हैं। सिर्फ कांग्रेस ही हिमाचल और गुजरात में बीजेपी को चैलेंज कर सकती है, क्योंकि उनकी एक समावेशी नीति है। 73 वर्षीय गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था।

इसके अलावा उन्होंने सोनिया गांधी को लंबा चौड़ा पत्र भी लिखा था और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा था। बता दें कि गुलाम नबी आजाद जी-23 नेताओं में शामिल थे। उनके पार्टी छोड़ने के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला ने भी उन्हें ऑफर दिया था और कांग्रेस की आलोचना की थी।

हिमाचल में भाजपा की पुनःसरकार बनते ही कॉमन सिविल कोड होगा लागूः शाह

कांगड़ा (काप्र)।

हिमाचल प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दौरे पर हैं। उन्होंने रविवार को कांगड़ा के नगरोटा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान बीजेपी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कॉमन सिविल कोड को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि हिमाचल में जयराम ठाकुर की सरकार दोबारा आएगी और यहां

कॉमन सिविल कोड लागू हो जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक की राजनीति में राष्ट्रीय मुद्दों पर काम नहीं होने दिया। उन्होंने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार ने माताओं-बहनों के सम्मान में समग्र प्रदेश में महिलाओं का किराया आधा कर दिया है।पहली बार हिमाचल सरकार ने अपने बजट का 20त्न हिस्सा नारी शक्ति को रिजर्व कर दिया है। नगरोटा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब मैं यहां आ रहा था, तो मैंने कांग्रेस प्रत्याशी की रैली देखी, रैली स्थल से कुछ 10 गारंटियों का उल्लेख किया गया।अमित शाह ने कहा कि गारंटी उन्हीं लोगों की मानी जाती है, जिनका कोई न कोई रिकॉर्ड होता है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि आपकी गारंटी पर कौन विश्वास करेगा।

तंजानिया में बड़ा हादसा, लैंडिंग के समय विक्टोरिया झील में गिरा यात्री विमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। तंजानिया में रविवार को एक बड़ा हादसा हुआ है। प्रेसिजन एयर का एक यात्री विमान तंजानिया के विक्टोरिया झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। तंजानिया ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने रविवार को बताया कि विमान के बुकोबा में एक एयरपोर्ट पर लैंड करने का प्रयास करते समय विमान विक्टोरिया झील में दुर्घनाग्रस्त हो गया है। हादसे को लेकर अभी तक पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। विमान में कितने लोग सवार थे और उनकी क्या स्थिति है इस बारे में जानकारी अभी आनी बाकी है। टीबीसी ने कहा कि अब तक 15 लोगों को बचाया गया है, लेकिन अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है कि कितने लोगों की मौत हुई है प्लेन में कितने लोग सवार थे। टीबीसी ने बताया कि विमान राजधानी दार एस सलाम से रवाना हुआ था और आज सुबह तूफान और भारी बारिश के कारण लैंडिंग के समय विक्टोरिया झील में जा गिरा। बुकोबा हवाई अड्डा अफ्रीका की सबसे बड़ी झील विक्टोरिया झील के किनारे पर है।

दिल्ली वालों को राहत, आयोग ने हटाई चौथे चरण की पाबंदियां, स्कूलों को खोलने पर फैसला आज

नई दिल्ली (एजेंसी)।

दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई में सुधार के रुख को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेप के तहत लगाई गई चौथे चरण की पाबंदियों को हटा दिया है। रविवार को हुई समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया। केंद्र सरकार के वायु गुणवत्ता आयोग ने वायु प्रदूषण कार्य योजना के अंतिम चरण के तहत तीन दिन पहले दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इन पाबंदियों को लागू किया था। हालांकि समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली एनसीआर के इलाकों में अभी भी स्मॉग का स्तर बरकरार है। दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार के संकेतों के बीच वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग की बैठक हुई। आयोग की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर में गैर-बीएस 4 इंजन वाले हल्के डीजल वाहनों और राष्ट्रीय राजधानी में ट्रकों के प्रवेश पर लगाई गई पाबंदियों को हटा दिया गया है। इस बीच एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण में सुधार के मद्देनजर प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। इस उच्च स्तरीय बैठक में प्राथमिक विद्यालयों को फिर से खोलने और दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को घर से काम करने संबंधी मुद्दे पर फैसला लिए जाने की संभावना है। 77 मालूम हो कि बृहस्पतिवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 यानी गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया था। इसके बाद वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग की ओर से तमाम कदम उठाए गए थे।

अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में 8 भारतीय दौड़ में, 5 के जीतने की संभावना

न्यूयॉर्क(एजेंसी)। मध्यावधि चुनावों में प्रतिनिधि सभा के लिए आठ भारतीय अमेरिकी दौड़ में हैं, जिनमें से चार डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हैं, और तीन रिपब्लिकन और एक डेमोक्रेट समोसा कॉकस में शामिल होने के इच्छुक हैं। सभी चार प्रतिनिधि, जिन्होंने खुद को समोसा कॉकस उपनाम दिया था, उनके पूवार्नुमान के अनुसार, वह फिर से चुने जाएंगे। पांचवे डेमोक्रेट श्री थानेदार जो पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं, के जीतने की पूरी संभावना है। तीन रिपब्लिकन उम्मीदवारों, रितेश टंडन, टेक्सास में संदीप श्रीवास्तव और कैलिफोर्निया में ऋषि कुमार को लेकर पूवार्नुमान में इनकी स्थिति ठीक नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक जेडी वेंस ओहायो सीनेट सीट से लड़ रहे हैं। यह सीट पहले डेमोक्रेट रॉब पोर्टमैन के पास थी। चुनावों के रियलक्लियर पॉलिटिक्स एग्रीगेशन ने उन्हें 3.3 प्रतिशत की बढ़त दी है। वेंस ने अपनी दोस्त येल लॉ स्कूल की स्नातक उषा चिलुकुरी से शादी की। एक चुनावी डेटा विश्लेषण संगठन के अनुसार, मिशिगन के डेट्रॉइट में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी मार्टेल बिविंग्स के खिलाफ थानेदार के जीतने का 99 प्रतिशत चांस है। गुरुवार की रात को समर्थकों से फंड की अपील में, उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन द्वारा लाखों डॉलर के समर्थन से मुझे अपनी सीट हारती हुई नजर आ रही है। उनके निर्वाचन क्षेत्र के एक सर्वे ने उन्हें रिपब्लिकन क्रिस डार्गिस पर छह प्रतिशत की बढ़त दी है और पोलिटिको फोरकास्ट ने उनके जीतने की संभावना जताई है, जबकि फाइव थर्टीह ने उन्हें जीत को 98 प्रतिशत निश्चित बताया है। पोलिटिको फोरकास्ट ने कहा कि अन्य तीन भारतीय अमेरिकियों के निर्वाचन क्षेत्र ठोस डेमोक्रैटिक है। कैलीफोर्निया में फाइव थटीर्हाइट ने टंडन पर खन्ना की जीत को 99 प्रतिशत बताया। एमी बेरा के कैलिफोर्निया में जीतने की संभावना 98 प्रतिशत और वाशिंगटन राज्य में प्रेमिला जयपाल की 99 प्रतिशत है।

जहां हुआ था हमला मंगलवार को वहीं से निकलेगा विरोध मार्चः इमरान

लाहौर (एजेंसी)। इमरान खान ने रविवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ मंगलवार को इस्लामाबाद के लिए लॉन्ग मार्च उसी स्थान से फिर से शुरू करेगी जहां पंजाब प्रांत में एक रैली के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी। गोलीबारी की इस घटना में इमरान खान के अलावा 11 अन्य लोग भी घायल हुए थे और एक समर्थक की मौत हुई थी। इमरान खान ने यह भी बताया है कि वो इस मार्च में कब और कहां शामिल होंगे। पीटीआई प्रमुख की गोली लगने के बाद गुरुवार को सर्जरी हुई थी। खान ने कहा, हमने तय किया है कि हमारा मार्च मंगलवार को वजीराबाद में उसी स्थान से फिर से शुरू होगा जहां मुझे और 11 अन्य को गोली मारी गई थी और जहां मोअज्जम शहीद हुए थे। इमरान खान के दाहिने पैर में तब गोली लगी थी जब वजीराबाद इलाके में दो बंदूकधारियों ने उन पर और अन्य पर गोलियां चलाई थीं।

श्रीलंका नेवी ने 15 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

चेन्नई (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार कर उनके क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के एक नाबालिग समेत 15 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। नौसेना ने मछुआरों की दो नावों को भी जब्त कर लिया हैं। मछुआरे तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले हैं। गिरफ्तार किए गए मछुआरों में एक 12 साल का लड़का भी शामिल है। रामेश्वरम के मछुआरों के अनुसार- शनिवार शाम करीब 2,500 लोग मछली पकड़ने गए थे और जब वह तलाईमन्नार के पास धनुषकोडी में मछली पकड़ रहे थे, श्रीलंकाई नौसेना मौके पर पहुंच गई।

नए अपडेट के साथ ट्विटर की पेड सर्विस शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)। अब एलॉन मस्क के मालिकाना हक वाली कंपनी ने नई नीतियों का पालन करना शुरू कर दिया है। हाल ही में कंपनी ने ट्विटर के लिए नया अपडेट जारी कर दिया है. जिसे फ़िलहाल कुछ चुनिंदा देशों के लिए ही उपलब्ध कराया गया है।अभी इस सेवा की शुरुआत आईओएस यानि आईफोन के लिए ही शुरू की गयी है। इसके लिए ब्लू टिक यूजर्स को अब इसे जारी रखने के लिए 8 डॉलर का शुल्क देना होगा। खबरों के मुताबिक ट्विटर ने फ़िलहाल ब्लू टिक सत्यापन सेवा को अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के लिए शुरू किया है। यह फीचर अभी आईओएस यूजर्स (आईफोन) के खातों के लिए मिलना शुरू हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्लू टिक के लिए भुगतान करने वाले यूजर्स को ट्विटर जल्द ही कुछ नई सुविधाएं देना शुरू कर देगा. जिनके पास ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन होगा, ट्विटर उन्हें अब लंबे वीडियो और ऑडियो पोस्ट करने की इज़ाजत देगा. साथ ही नॉर्मल यूजर्स के मुकाबले, उन्हें आधे ऐड ही देखने को मिलेंगे। इसके अलावा ब्लू टिक यूजर्स पेड आर्टिकल को फ्री में पढ़ सकेंगे. वहीं ब्लू टिक यूजर्स के लिए ट्वीट एडिट करने और डाउनलोड करने की सुविधा भी दी जाएगी।

स्पेशल खबर 2024 से पहले बैकफुट पर विपक्ष.....

उपचुनावः छह राज्यों की सात में से चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा

नई दिल्ली (एजेंसी)।

उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र, तेलंगाना और ओडिशा में कुल सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी का दबदबा कायम रहा है। बीजेपी ने सात में से चार सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि एक शिवसेना, एक राजद और एक सीट टीआरएस के खाते में गई है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले उपचुनाव में बीजेपी को मिली जीत से विपक्ष के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आइये जान लेते हैं कहां किसको जीत मिली है और किसको हार मिली है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले की गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी अमन गिरि ने 34 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल कर ली है। यह सीट अमन के पिता अरविंद गिरि के निधन के कारण रिक्त हुई थी। बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस ने इस उपचुनाव में अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। लिहाजा मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार अमन गिरि और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी विनय तिवारी के बीच ही माना जा रहा था। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए मुकाबला बराबरी का रहा क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को क्रमशः मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीटों को बरकरार रखा। इस साल अगस्त में हुई राजनीतिक उथल-पुथल में राजद नीत महागठबंधन के सत्ता में आने और भाजपा के बाहर होने के बाद से उपचुनाव दोनों का पहला शक्ति-प्रदर्शन था। राजद का मोकामा में जीत का अंतर इस बार घट गया, वहीं पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के गृह जिले गोपालगंज में उसे भाजपा से शिकस्त मिली। बीजेपी के उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई ने आदमपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश को हराकर परिवार का गढ़ बरकरार रखा। भव्य के पिता कुलदीप बिश्नोई के विधायक पद से इस्तीफा देकर कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने के बाद संबंधित सीट पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी थी। कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधे चुनावी मुकाबले में भव्य ने जयप्रकाश को 15740 मतों के अंतर से हराया।

कश्मीर में ऊंचाई पर स्थित इलाकों में बर्फबारी, मैदानों में बारिश से तापमान में गिरावट

श्रीनगर(एजेंसी)। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हल्की बारिश से रविवार को तापमान में गिरावट आई। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग पर्यटन स्थल का न्यूनतम तापमान शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। गुलमर्ग पर्यटन स्थल, माछिल, साधना दर्रा और जोजिला दर्रा कश्मीर के कुछ ऐसे स्थान रहे, जहां रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक तीन इंच से अधिक बर्फबारी हुई। उन्होंने बताया कि लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के द्रास में भी बर्फबारी हुई। उन्होंने बताया कि कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में रात भर मध्यम बारिश हुई और श्रीनगर शहर में सबसे अधिक 27 मिलीमीटर बारिश हुई। अधिकरियों ने बताया कि बारामूला (23 मिमी), बांदीपोरा (22 मिमी), कुलगाम(21 मिमी), बडगाम (21 मिमी) और पुलवामा (20 मिमी) में भी सुबह 8.30 बजे तक काफी वर्षा हुई।